S.T.D. 0581
2527263, 2521122
2527282, 2523378

# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
# MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

बरेली – 243 006 (भारत)
BAREILLY-243 006 (INDIA)

पत्रांक : रू.वि./पं.नि.का./2026/1293-1300 दिनांक : 07.08.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की मुख्य परीक्षा सत्र 2025-26 के **स्नातकोत्तर स्तर के एन.ई.पी. 2020 से आच्छादित एम.ए., एम.एस.सी. एवं एम.कॉम. (तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) के स्पेशल बैक परीक्षा** आवेदन पत्र दिनांक 28.07.2026 से ऑनलाईन भरवाये गये थे। ऐसे छात्र/छात्रायें जो प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर तक उत्तीर्ण हैं तथा तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर दोनों में मिलाकर चार मुख्य प्रश्न पत्रों में **(लिखित एवं प्रयोगात्मक)** अनुत्तीर्ण हैं, स्पेशल बैक की परीक्षा हेतु ओवदन कर सम्मिलित हो सकते हैं। यहाँ यह भी अवगत कराना है कि सम सेमेस्टर के अन्तर्गत द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के बैक परीक्षा का परीक्षाफल घोषित होने की प्रक्रिया में है, जिन छात्रों ने द्वितीय अथवा चतुर्थ सेमेस्टर की बैक परीक्षा में आवेदन किया था उनके परीक्षाफार्म उपरोक्त परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त स्वतः खोल दिये जायेगें। उन्हें विश्वविद्यालय आने की आवश्यकता नहीं है।

परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथियाँ निम्न प्रकार हैं:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | परीक्षा फार्म ऑनलाईन उपलब्ध होने की तिथि | - | 07.08.2026 |
| 2. | छात्र द्वारा परीक्षा फार्म भरने, शुल्क जमा करने एवं महाविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि | - | 12.08.2026 |
| 3. | महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र सत्यापित करने की अन्तिम तिथि | - | 14.08.2026 |

सूच्य हो कि उपरोक्त कार्यक्रमानुसार आवेदन पत्र सत्यापित किया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें। परीक्षा आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय प्रेषित नहीं की जानी है। महाविद्यालय को परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन सत्यापित कर अपने पास सुरक्षित रखना है।

07.8.26
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
2. वित्त अधिकारी।
3. मीडिया प्रभारी।
4. उप-कुलसचिव (परीक्षा)।
5. प्रभारी, केन्द्रीय कम्प्यूटर/विश्वविद्यालय बेवसाइट।
6. प्रभारी, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।
7. निजी सचिव-कुलपति, मा. कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
8. वै.सहा. कुलसचिव।

परीक्षा नियंत्रक